तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 24 नवंबर 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

13 भारत माता सेवा ट्रस्ट ने बुजुर्गों का किया सम्मान



14 गांव-गांव में सिर चढ़कर बोल रही क्रिकेट ...



# कमिश्नर ने पलारी तहसील में एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

## दस प्रतिशत से कम डिजिटाइजेशन करने वाले 28 बीएलओ व अविहित अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश

रायपुर कमिश्नर महादेव कावरे ने रविवार को जिला प्रवास के दौरान तहसील पलारी एवं बलौदाबाजार के विभिन्न मतदान केंद्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों में चल रहे डिजिटाइजेशन एवं मतदाता सूची अद्यतन कार्य का अवलोकन करते हुए बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय- सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु तेज प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान डिजिटाइजेशन कार्य की प्रतिशत कम होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए 10 प्रतिशत से कम डिजिटाइजेशन करने वाले 28 बीएलओ, अविहित अधिकारी एवं सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कमिश्नर श्री कावरे ने ग्राम खरतोरा में बीएलओ से मतदान केन्द्र क्रमांक मतदाताओं की संख्या, अब तक संकलित गणना पत्रक एवं डिजिटाइजेशन की जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से गणना पत्रक भरने में दिक्कत या समस्या के बारे में भी पूछताछ की। इसके पश्चात कमिश्नर ने तहसील कार्यालय पलारी में ऑपरेटर द्वारा किये जा रहे डिजिटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन कराया। इस दौरान ऑपरेटर एवं बीएलओ को डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिये वहीं मोबाइल में बेहतर नेटवर्क के लिये कार्यालय के वाई -फाई का उपयोग करने कहा।



### गणना पत्रक व डिजिटइजेशन की ली जानकारी

कमिश्नर श्री कावरे ने इसके पश्चात बलौदाबाजार तहसील के ग्राम कुकुरदी के संवरा बस्ती के आंगनबाड़ी केन्द्र में चल रहे डिजिटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ से बूथ में मतदाताओं की संख्या, अब तक संकलित गणना पत्रक व डिजिटइजेशन की जानकारी ली। सहयोगी लगाकर डिजिटइजेशन में प्रगति लाने कहा। तहसील कार्यालय बलौदाबाजार में ऑपरेटरों को डिजिटाइजेशन में गणना पत्रक के साथ लगाए जाने वाले दस्तावेजों के सम्बन्ध में पूछ ताछ की और तेजी से प्रगति लाने कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि बूथवार प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर डिजिटइजेशन कार्य को पूर्ण कराएं।

### जिले में 33.31% गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन पूरा

बताया गया कि अब तक जिले में 33.31 प्रतिशत गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन पूरा हुआ है। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 949277 है। कसडोल विधानसभा में 10 प्रतिशत से कम डिजिटाइजेशन करने वाले बीएलओ, अविहित अधिकारी व सुपरवाइजर की संख्या 1, बलौदाबाजार विधानसभा में 17 एवं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में 10 हैं जिन्हे नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए हैं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी, एसडीएम दीपक निकुंज, प्रकाश चंद्र कोरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### बीएससी वनस्पति शास्त्र तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा कल से

**बलौदाबाजार** | बी एस सी तृतीय सेमेस्टर वनस्पति विज्ञान कि प्रायोगिक परीक्षा 25 नवंबर को बलौदाबाजार शासकीय डी के महाविद्यालय परीक्षा केंद्र में बी एस सी तृतीय सेमेस्टर वनस्पति शास्त्र की परीक्षा 25 नवंबर मंगलवार को आयोजित की जा रही है | वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष ने बताया कि वनस्पति शास्त्र (डीएससीवजीइ) की परीक्षा 25 नवंबर को प्रातः 8 बजे से एवं वनस्पति शास्त्र (डीएसइ) की परीक्षा प्रातः साढ़े 11 बजे से होगी, उन्होंने बताया कि सम्बंधित परीक्षार्थी नियत तिथि व समय पर परीक्षा प्रारम्भ होने से 15 मिनट पूर्व महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, अनुपस्थित होने पर समस्त जिम्मेदारी छात्र-छात्राओं की होगी।

## वन विभाग की सतत कार्रवाई से मिली सफलता

# चीतल शिकार प्रकरण में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार अर्जुनी परिक्षेत्र में अवैध शिकार की रोकथाम एवं वन्यजीव संरक्षण को मजबूत बनाने हेतु सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में चीतल के अवैध शिकार से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

वन विभाग के निरंतर प्रयासों, स्थानीय सूचनाओं के संकलन एवं गश्त की तीव्रता बढ़ाए जाने के परिणामस्वरूप 19 नवम्बर को एक फरार आरोपी तथा 22 नवम्बर को दूसरे फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में श्रीधर वल्द मंगल सिंह बरिसा एवं अनिल वल्द चमार सिंह बरिहा निवासी अर्जुनी शामिल हैं। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर दोनों को जिला जेल बलौदाबाजार में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए समस्त टीम के प्रयासों की सराहना की है और भविष्य में भी इस प्रकार की कठोर कार्रवाइयों को जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।



### वनमण्डलाधिकारी ने आमजनता से की अपील

वनमण्डलाधिकारी ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उन्हें अवैध शिकार, फंदा लगाना, इलेक्ट्रिक ट्रैपिंग, या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले, तो तुरंत निकटतम वन परिक्षेत्र कार्यालय को सूचित करें। समय पर दी गई सूचना कई वन्यजीवों की जान बचा सकती है और अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई संभव हो पाती है। उल्लेखनीय है कि 24 अगस्त को अर्जुनी परिक्षेत्र अंतर्गत चीतल के अवैध शिकार का प्रकरण दर्ज किया गया था। प्रकरण में शामिल चार आरोपियों में से दो को उसी दिन गिरफ्तार कर जेल दाखिला कराया गया था, जबकि दो अन्य आरोपी घटना के बाद से फरार थे। इन फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी अर्जुनी परिक्षेत्र की टीम द्वारा की जा रही थी।

### कोलिहा में गौवंश की हत्या

भाटापारा। हटरीबाजार मे गौवंश के साथ क्रूरता की घटना के बाद एक घटना शहर से 12 कि,मी. दूर ग्राम कोलिहा मे घटित हुई जिसमे गौवंश की किसी धारदार हथियार से काटने से उसकी मृत्यु हो गई की घटना घटित हुई घटना के संबंध मे जानकारी देते हुए ग्रामीण थाना टीआई लखेश केंवट ने बताया कि 23 नवंबर को प्रातः 7 बजे लगभग सूचना मिली कि ग्राम कोलिहा में माध्यमिक स्कूल के सामने बाजार चौक में एक गौवंश मृत अवस्था में पड़ा है तथा गौवंश के पिछले भाग को किसी धारदार हथियार से काटा जाना प्रतीत हो रहा है। सूचना पर थाना भाटापारा ग्रामीण का पुलिस बल द्वारा तत्काल घटना स्थल पहुंच जांच पतासाजी प्रारंभ किया गया। वर्तमान में मृत गौवंश की जांच कार्यवाही पश्चात कफन दफन किया गया है तथा मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में आपराधिक प्रकरण दर्ज करते हुए अग्रिम विवेचना कार्यवाही एवं अज्ञात आरोपी के संबंध में पतासाजी की जा रही है।

# सुमन का सीजीपीएससी में 44वां रैंक, बने वित्त अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के घोषित परिणाम में बलौदाबाजार जिले के पलारी ब्लॉक के सकरी (स) गाँव के किसान परिवार के बेटे सुमन साहू ने शानदार सफलता अर्जित की है। सुमन ने 44वीं रैंक प्राप्त कर वित्त विभाग में अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी का पद हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल है।



सुमन के पिता कमल नारायण साहू कृषि के साथ सिलाई का काम करते है और परिवार का मुख्य सहारा खेती ही है। सीमित संसाधनों के बावजूद सुमन ने कठिन परिस्थितियों को परे रखकर अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया।

सुमन ने बताया कि इस सफर में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। दो बार असफलता मिलने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। तीसरे प्रयास में बड़ी सफलता हासिल कर अपने सपनों को साकार किया। उनका कहना है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर मेहनत से कोई भी बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

**स्कूटी सवार को आई चोट** : महासमुंद। झलप में बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार घायल हो गया। पुलिस को प्रार्थी चंद्रशेखर बघेल निवासी ग्राम सरेकेल ने बताया कि 15 नवंबर की शाम को वह ईवी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचई 4826 से झलप बाजार जा रहा था। तभी सामने से आ रहे मोटर सायकल प्लेटिना के चालक रघुनाथ पटेल निवासी ग्राम सरेकेल ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उसकी स्कूटी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

# कौड़िया में मितानिनों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

ग्राम पंचायत कौड़िया में मितानिनों के अथक परिश्रम और निस्वार्थ सेवाभाव को सम्मानित करने हेतु एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव की माताओं–बहनों के स्वास्थ्य संरक्षण में दिन-रात जुटी रहने वाली मितानिनों को ग्राम पंचायत की ओर से श्रीफल, साड़ी एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने मितानिनों को मंच पर बुलाकर गुलाल लगाते हुए उनका अभिनंदन किया।

■ मितानिन गांव की असली शक्ति हैं: सरपंच

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत सरपंच प्रदीप वर्मा ने कहा कि मितानिन सिर्फ स्वास्थ्य कर्मी नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार की संरक्षक हैं। वे अपने घर-परिवार के दायित्वों से ऊपर उठकर हर मौसम, हर परिस्थिति में गांव वालों के घर–घर जाकर सेवा देती हैं। उनके कारण ही गांव में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य बेहतर बना हुआ है। मितानिनों की सक्रियता और समर्पण गांव की असली शक्ति है, जिन्हें सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा कि पंचायत स्तर पर ऐसे सम्मान कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि सेवा करने वाले हाथों को प्रोत्साहन मिलता रहे। इस अवसर पर उपसरपंच ▶▶ शेष पेज 13 पर

# जेवर और नकदी की चोरी का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रार्थिया अमृत बाई केंवट निवासी ग्राम मोतीपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 21 नवंबर को सुबह वह काम करने खेत गए हुई थी, इस दौरान घर में कोई नहीं था। जब वह 2 घंटे बाद घर वापस आई तो देखी, कि घर का ताला टूटा हुआ है तथा अलमारी में रखे सोने चांदी का जेवर एवं नगदी रकम सहित कुल 32,000 का सामान किसी अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्र. 688/2025 धारा 331(3),305(ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

■ पुलिस को चोरी का शत प्रतिशत सामान बरामद करने में मिली सफलता



प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा जांच कार्रवाई प्रारंभ ▶▶ शेष पेज 13 पर

### आरोपी ने स्वीकारा आरोप, कोर्ट में पेश करने की तैयारी

आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थिया के मकान को सूना पाकर, उसके घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़ते हुए चांदी का जेवर एवं नगदी रकम चोरी करना स्वीकार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी से चांदी का जेवर, नगदी रकम 2200 सहित चोरी का सारा सामान बरामद किया गया तथा पुलिस को चोरी का शत प्रतिशत सामान बरामद करने में सफलता मिली है। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 22 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## सामान्य प्रशासन विभाग ने दी आधिकारिक मान्यता

# छग स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ को मिली मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग में 21 नवंबर का दिन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के लिए एक बहुत बड़ा उपलब्धि का दिन रहा जिसमें वर्षों से अपने अधिकारों और अस्तित्व के लिए संघर्षरत स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ को आखिरकार वह पहचान मिल गई जिसका लंबे समय से इंतजार कर रहे थे सामान्य प्रशासन विभाग ने वर्तमान में केवल 5 संगठन को ही पत्राचार के लिए मान्यता प्राप्त थी जिसमें स्वास्थ्य विभाग से केवल स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ को मान्यता प्रदाय की गई है जैसे ही संघ को मान्यता प्राप्त की सूचना मिली कर्मचारियों में खुशी की लहर एक नये ऊर्जा का संचार हुआ।



इस आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश अध्यक्ष टार्जन गुप्ता ने इसे कर्मचारी हितों की ऐतिहासिक दिवस बताया उन्होंने प्रांत कार्यकारिणी सहित सभी जिलों के पदाधिकारी और सदस्यों को बधाई दिया और कहा कि अब हमारी आवाज दबाई नहीं जाएगी बल्कि शासन स्तर तक सुनी जाएगी | अब इससे कर्मचारियों की पुरानी लंबित मांगों का निराकरण, विभागीय स्तर पर फील्ड में काम करने वाले की पहचान, स्वास्थ्य को धरातल तक मजबूत करना, फील्ड और कार्यालय कर्मचारी की सुरक्षा सुविधा में वृद्धि होगी संभाग ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ प्रदेश अध्यक्ष ने इसे कर्मचारी हितों के लिए ऐतिहासिक दिवस बताया

### इन्होंने दिया धन्यवाद

प्रांतीय टीम का धन्यवाद प्रेषित करने वालों में प्रमुख रूप से जिला सचिव योगेश पटेल, विकासखंड बिलाईगढ़ के अध्यक्ष चंद्रकला जायसवाल, सारंगढ़ के अध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, बरमकेला के अध्यक्ष अभिषेक पटेल, हेतराम कर्ष, आर के मैत्री, लहाराम रत्नाकर, गिरजानंद निराला मुकेश नवरत्न, प्रदीप रात्रे, शर्मिला देवी, संजय चौहान, शैलेन्द्र राकेश, एच दुबे, कु इनका साहू, घनश्याम जायसवाल, प्रकाश बंजारे, कस्तूरी साव, अभिषेक देवांगन,मनीष साहू, एच के जोलहे, लोकेश साहू, राजेंद्र साहू, अनिल साहू, मधुर राम साहू, धनेश्वर पटेल, विजय बंजारे, चंद्रमणि पंकज, लोकेश पटेल, दिनेश पटेल, जेपी पटेल, यूके तिवारी, डी के मेहर, गेंदलाल खटकर जिला के समस्त ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष महिला ,सेक्टर सुपरवाइजर ,एल एच ,बीटिई ओ आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए प्रांतीय टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महर्षि स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता- ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**




## खरोरा में किया गया मितानिनों का सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा में 23 नवंबर को मितानिन दिवस मनाया गया। सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर द्वारा मितानिनों का सम्मान श्रीफल व साड़ी भेंटकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम खरोरा के सरपंच वीणा चंद्राकर ने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है।



## कौहाकुड़ा में मनाया गया मितानिन दिवस

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत कौहाकुड़ा में मितानिन दिवस मनाया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत के सभी मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को सरपंच नारायण पटेल, उपसरपंच हीरालाल पटेल, पंचायत सचिव शिवलाल विश्वकर्मा, रोजगार सहायक महेंद्र कुमार रात्रे एवं सभी पंचों द्वारा सह सम्मान श्रीफल और साड़ी भेंट किया गया।

## बिंद्रावन में कुराल पूजा महोत्सव कल

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन में कुंभकार समाज कुराल पूजा महोत्सव 25 नवंबर मंगलवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक दिन पूर्व 24 नवंबर सोमवार को सायं बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 7 बजे सुर सुरभि पंडवानी गायिका पूनम सिन्हा का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन प्रातः 8 बजे से हवन पूजन एवं दोपहर 1 बजे महाभंडारा प्रसादी वितरण होगा।

## परसुली में कुराल पूजा कल

**नर्रा।** ग्राम परसुली में कुम्हार समाज द्वारा मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष कुराल पंचमी व चक्र पूजा महोत्सव 25 नवंबर मंगलवार को मनाया जाएगा। प्रातः7 बजे प्रभात फेरी के पश्चात 10 बजे से स्थानीय लक्ष्मी नारायण मंदिर पर हवन पूजन के बाद प्रसादी वितरण होगा। इस अवसर पर रात्रिकालीन भूले बिसरे छग नाच पार्टी मोंगरापाली स का कार्यक्रम रखा गया है।

कार्यक्रम : मितानिन दिवस पर टाउन हाल में मितानिनों का किया सम्मान

# जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मितानिनों का महत्वपूर्ण योगदान : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय टाउन हाल में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की पहल पर मितानिन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर मितानिनों का सम्मान किया गया। अध्यक्ष साहू ने मितानिन दीदियों को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पोषण, स्वास्थ्य एवं जागरुकता के क्षेत्र में मितानिनों ने उल्लेखनीय काम किया है। जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मितानिन बहनों की मेहनत का बहुत बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो प्रगति हासिल की हैं, वह मितानिनों के प्रयास के बिना संभव नहीं होती। उन्होंने कहा कि मितानिनों




द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं से आम जन को काफी लाभ प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान मितानिनों के सम्मान से अभिभूत अर्बन हेल्थ सुपरवाइजर सुषमा शर्मा ने कहा कि पहली बार मितानिनों के सम्मान में इस तरह के आयोजन हो रहा है। उन्होंने नपाध्यक्ष साहू का आभार व्यक्त करते हुए मितानिनों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, ईश्वरी भोई, जय देवांगन, पार्षद ओमिन टोमन कागजी, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, भाऊराम साहू, चंद्रशेखर बेलदार, पीयूष साहू, राहुल आवड़े, बड़े मुन्ना देवार, शुभ्रा मनीष शर्मा, सीता टोंडेकर, धनेश्वरी सोनवानी सहित मितानिन राजवती साहू, ज्योति पवार, रानी शर्मा, सरस्वती साहू, उतरा साहू, सावित्री सिन्हा, देवकी चतुर्वेदी, निर्मला चंद्राकर, जानवी ठाकुर, कांति साहू, रेखा साहू, मालती नायक सहित अनेक मितानिन मौजूद रहे।

# पचेड़ा में मितानिनों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत पचेड़ा में मितानिन दिवस मनाया गया। मितानिनों को श्रीफल व साड़ी भेंटकर सम्मान किया गया इस दौरान श्यामाबाई टंडन सरपंच ग्राम पंचायत पचेड़ा, जितेंद्र टंडन सरपंच प्रतिनिधि, पुन्नालाल प्रजापति सचिव, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, मोहन मिरी उपसरपंच, देवानंद साहू पंच, टिकेश्वरी टंडन पंच, रथकुमारी ढीढी पंच, निर्मला निषाद पंच, किरण साहू पंच, लीला पटेल पंच, मीना साहू पंच, आनंदबाई ध्रुव पंच, सरस्वती यादव पंच, ज्योत्सना क्षेत्रपाल पंच, राकेश दुबे पंच, गुलाब साहू पंच, मथुरा निषाद मितानिन, ममता निषाद मितानिन, हरीश नायक ऑपरेटर आदि ग्रामीण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

# उरला से मां खल्लारी व चंडी दर्शन करने पहुंचे स्कूली बच्चे, मनोरम दृश्य से देख हुए आनंदित



**खल्लारी।** जिला के प्रसिद्ध दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी स्थित पहाड़ी वाली खल्लारी मातेश्वरी के दर्शन पूजन करने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला (पाटन/दुर्ग) के प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक व शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे पहुंचे। सभी ने मां खल्लारी का दर्शन पूजन करने के साथ खल्लारी पहाड़ी ऊपर प्राकृतिक सौंदर्य के मनोरम दृश्यों के साथ महाभारत कालीन चिन्हों को भी पहाड़ी ऊपर प्रमुखता से अवलोकन किया। बता दें कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला (पाटन) से 16 लोगों के स्टाफ के साथ करीब 40 छात्र-छात्राएं भी खल्लारी पहुंचे थे। जिसके पश्चात बागबाहरा के घुंचापाली स्थित चंडी माता मंदिर दर्शन पूजन करने गए।

# ऐसे खेल आयोजन क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं : स्वप्निल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शहीद भगत सिंह खेल मैदान में जारी पिथौरा प्रीमियम लीग के सेमीफाइनल मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष स्वप्निल तिवारी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संरक्षक पवन गुप्ता ने की। विशेष अतिथि के रूप में परमीत सिंह, निशु माटा, ऋषिकेश शुक्ला, राजेश मिश्रा, विजय गुप्ता, मनराखन ठाकुर, राजेश बंसल एवं नानू सोनी उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की औपचारिक शुरुआत की।

खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वप्निल तिवारी ने कहा कि पिथौरा का नाम पूरे प्रदेश में खेल आयोजनों के केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है। समय-समय पर आयोजित होने वाले ऐसे टूर्नामेंट क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहे हैं, जो मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।




उन्होंने कहा कि इन आयोजनों का परिणाम है कि प्रदेश स्तर पर पिथौरा क्षेत्र के खिलाड़ियों का चयन लगातार हो रहा है, जो यहां की खेल संस्कृति और आयोजन समितियों की मेहनत का प्रमाण है। तिवारी ने आयोजन टीम की मेहनत, अनुशासन और लगन की प्रशंसा की। इस अवसर पर आयोजन समिति के कौशलदास मानिकपुरी, नवीन साहू, सुनील यादव, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद असलम, शैलेंद्र सिन्हा, कुशल यादव, राहुल चौधरी, जय साहू, विकास डड़सेना, बाबू रौतिया, भीमा रौतिया और हर्ष पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बोंदा में चक्र पूजा महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल द्वारा आयोजित चक्र पूजा महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन इस वर्ष ग्राम केदुवां (सरायपाली) शाखा सभा बोंदा में 25 नवंबर से 28 नवंबर तक बड़े हर्षोल्लास एवं धार्मिक गरिमा के साथ होगा। समाज के सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक वैभव को एक सूत्र में पिरोता यह आयोजन इस बार कई विशेषताओं के साथ मनाया जाएगा।

25 नवंबर को महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से होगा, जिसमें लगभग 1000 से 1500 माताएं–बहनें पारंपरिक वेशभूषा में नगर भ्रमण करते हुए शामिल होंगी। कर्मा नृत्य, कीर्तन और जयघोष के साथ कलश यात्रा मूर्ति स्थापना स्थल तक पहुंचेगी। दोपहर 2 बजे से



कुराल पुराण गायन तथा रात्रि में ओड़िया पाला (ओडिशा टेमरी) का आध्यात्मिक आयोजन रहेगा। 26 नवंबर को आम सभा, अतिथि सत्कार और महाभंडारा के साथ महाप्रसाद वितरण। रात्रि में मनोहर मांझी लोककला मंच, गिधौरी द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति महोत्सव को विशेष दर्शनीय बनाएगी। इसी दिन शुभा नर्सिंग होम, सरायपाली के सौजन्य से विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा, जिसमें निःशुल्क नेत्र चिकित्सा व्यवस्था भी रहेगी। प्रतिभावान बच्चों का सम्मान, समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। पूरे दिन विशाल मीना बाजार आकर्षण का केंद्र रहेगा। प्रतिदिन प्रातः एवं सायं चक्रधारी भगवान की आरती वातावरण को भक्तिमय बनाएगी। 28 नवंबर को पूर्णाहुति हवन, सामूहिक प्रार्थना और मूर्ति विसर्जन के साथ महोत्सव का शुभ समापन होगा। कुम्हार समाज अपने आराध्य लक्ष्मीनारायण, त्रिदेवों, रुद्रपाल तथा माता रुद्रेश्वरी की पूजा-अर्चना कर समाज एवं राष्ट्र की खुशहाली, समृद्धि और शांति के लिए मंगलकामनाएं करेगा। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्रनाथ राणा ने सभी समाजजन, श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इस धार्मिक-सांस्कृतिक महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी संगठन के सह सचिव क्षीरसागर राणा ने दी है।

## एसआईआर का जनपद सदस्य ने किया अवलोकन



**नर्रा।** छग राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवंबर 2025 से शुरू हो चुका है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची एक बड़े और विस्तृत सत्यापन अभियान से है। मृत या डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाना, 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ना, इस मतदाता सूची में अन्य त्रुटियों को ठीक करना है। ग्राम पंचायत परकोम में बूथ वार गणना प्रपत्रों का वितरण बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर किया। वही सुपरवाइजर हल्का पटवारी गंगाराम ध्रुव सभी बूथों में जाकर सत्यापन अभियान में कार्यरत हैं। इस दौरान जनपद सदस्य लोचन पटेल, सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, कोटवार छेदूराम चंद्रवंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जामबाई दीवान, रोजगार सहायक रानी पटेल, मितानिन खेमा दीवान, जयसिंह दीवान, दिनेश दीवान, सहदेव निर्मलकर आदि मौजूद रहे।



# समरसता और सेवा के संदेश के साथ संघ का शताब्दी वर्ष पर गृह संपर्क

**बसना।** शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बंसुलाडीपा की चंद्रशेखर आजाद शाखा द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत उत्साह, सकारात्मकता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ हुई। गृह संपर्क के दौरान स्वयंसेवकों ने संघ के 100 वर्षों की विकास यात्रा, सेवा कार्यों तथा समाज को दिशा देने वाले पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। परिवारों ने सभी स्वयंसेवकों का स्वागत किया और विभिन्न विषयों पर अपने विचार भी साझा किए। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की परिस्थिति तथा समरसता के महत्व पर परिवारों द्वारा रखे गए विचार उल्लेखनीय रहे। इस कार्यक्रम में चंद्रशेखर आजाद शाखा से प्रफुल्ल सामल, धनेश्वर साहू, गोवर्धन प्रधान, हरिराम साव सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। इस दौरान स्वयंसेवकों एवं स्थानीय परिवारों में संघ के कार्यों के प्रति विश्वास, अपनत्व और सकारात्मक अनुभूति का संचार हुआ।

# चार नए श्रम कानूनों के विरोध में ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल 26 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश की दस बड़ी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने केंद्र सरकार की ओर से लागू गई 4 नए श्रम संहिताओं को मजदूरों के साथ सबसे बड़ा धोखा बताया है, 26 नवंबर को देशभर में विरोध प्रदर्शन और देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है।

इसकी रूपरेखा बनाने राजधानी रायपुर में ट्रेड यूनियनों के नेताओं की संयुक्त बैठक हुइर। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि श्रम संहिताओं के मजदूर विरोधी नीति के एकतरफा कार्यान्वयन का विरोध किया जाएगा। संयुक्त मंच की शनिवार को हुई बैठक में सीटू नेता धर्मराज महापात्र, इंटक नेता संजय साहू, दीनानाथ सिंह, ऐक्टू के बृजेंद्र तिवारी, एटक के विनोद सोनी, बीमा कर्मचारियों के नेता सुरेंद्र शर्मा, राजेश पराते, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के नेता तिलक यादव, देवेंद्र साहू, संयुक्त ट्रेड यूनियन कौंसिल के नेता वीएस बघेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में यह कहा गया कि जो चार श्रम संहिताएं लागू की गई वह वेतन, औद्योगिक, सामाजिक सुरक्षा, व्यसायिक व स्वास्थ्य और कार्य दशा से जुड़ी हुई है। नई श्रम संहिताएं मजदूरों के पुराने अधिकारी छीन लेती है। साथ ही हड़ताल करना नामुमकिन कर देती है, ठेका मजदूरी प्रथा बढ़ाती है। सरकार ने इन कानूनों को बिना ट्रेड यूनियनों से बातचीत किए एकतरफा तरीका से लागू कर दिया है। यही नहीं, पिछले दस साल से भारतीय श्रम सम्मेलन नहीं बुलाया गया।

# नवोदय प्रयास सैनिक अभ्यास परीक्षा आयोजित, 100 परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

नगर स्थित संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा नवाचारी पहल करते हुए कक्षा छठवीं नवोदय एवं कक्षा नवमी प्रयास सैनिक अभ्यास परीक्षा का आयोजन प्रतिभा पब्लिक विद्यालय में रविवार 23 नवंबर को सफलतापूर्वक किया गया। इस अभ्यास परीक्षा में जिले भर से आए 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

संस्थान की डायरेक्टर सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया कि इस अभ्यास परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ओएमआर शीट को सही तरीके से भरने, परीक्षा पद्धति को समझने, उत्तर अंकित करने की प्रक्रिया सिखाने तथा उनके पूर्व तैयारी स्तर का आकलन कर गलतियों को सुधारने का अवसर देना था। उन्होंने बताया कि नवोदय परीक्षा कुल 80 प्रश्नों की होती है, जिसमें मानसिक योग्यता, अंकगणित परीक्षण एवं भाषा परीक्षण शामिल रहते हैं और कुल 100 अंक निर्धारित होते हैं। इन्हीं सभी पहलुओं पर विस्तृत पूर्वाभ्यास कराया गया ताकि बच्चे वास्तविक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।



संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा में नियमित पाठ्यक्रम के साथ-साथ नवोदय, प्रयास, सैनिक स्कूल, एकलव्य विद्यालय सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है, जिससे बच्चों को सफलता का मार्ग प्रशस्त हो सके। अभ्यास परीक्षा के सफल संचालन में संस्थान की संचालिका सीमा गौरव चंद्राकर, योगेश निर्मलकर (पटेवा), कमल प्रसाद साहू (भगत देवरी) सहित जिले भर से आए पालक, शिक्षक एवं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

# पौने तीन सौ फरार वारंटी गिरफ्तार बदमाशों को दबोचने सौ से ज्यादा टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित जिले की पुलिस ने अभियान चलाकर 24 घंटे के भीतर पौने तीन सौ से ज्यादा वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तार वारंटियों में लंबे अरसे से हत्या सहित हत्या की कोशिश, रेप, आर्म्स एक्ट, मारपीट, धोखाधड़ी एवं विभिन्न गंभीर अपराधों के स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी की गई है।

आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर पुलिस ने स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को सभी एएसपी, सीएसपी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों द्वारा अपने थानों के बलों के साथ अपने थाना क्षेत्रों में स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। विशेष अभियान में 24 घंटे के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार वारंटियों में से कुछ को महाराष्ट्र, ओडिशा एवं मध्यप्रदेश सहित सरहदी जिलों से गिरफ्तार किया गया है। वारंटियों को गिरफ्तार करने पुलिस की सौ टीमें बनाई गई थीं।



## खबर संक्षेप

### जिले से दो युवा प्रतिनिधि गुजरात के यूनिटी मार्च के लिए रवाना

**खल्लारी।** देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और समरसता को सुदृढ़ करने के लिए गुजरात में आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च में जिले से चयनित दो युवा प्रतिनिधि कुबेर यदु एवं भैरव प्रसाद पाल जिले की ओर से सहभागिता के लिए रवाना हुए। राजधानी रायपुर से आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यूनिटी मार्च में सम्मिलित होने वाले प्रदेश के सभी युवा प्रतिनिधियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंहदेव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित रहे। इन्होनें जिले से चयनित युवा प्रतिनिधि कुबेर यदु एवं भैरव प्रसाद पाल के रवाना होने पर हर्ष जताया।

### बिना जांच पड़ताल के राशन कार्ड काटने वालों पर हो कार्रवाई: देवी

**महासमुंद।** गरीबों के राशन कार्ड काटे जाने को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि नगर पालिका महासमुंद में स्थानीय सरकार कांग्रेस की है, वे अध्यक्ष है। कर्मचारी अगर बिना जांच का बीपीएल कार्डधारियों का राशन कार्ड काट रहे है यह तो उन्हीं के इशारे में हो रहा है। किसी भी गरीब जनता के साथ यह अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा। नगर पालिका अध्यक्ष से मांग की है कि राशन कार्ड संवेदनशील विषय है। बिना जांच पड़ताल के कोई अगर ऐसा करता है, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। जबकि, नपाध्यक्ष राज्य सरकार पर आरोप लगा रहे है, जो सीधे सीधे पल्ला झाड़ने वाली बात है। वार्डों में जलकर वसूली का कार्य होना चाहिए। लेकिन, जिस परिवार ने नल विच्छेद का आवेदन पूर्व में दे दिया है, नल काट दिया गया है, उनसे वसूली करना गैर वाजिब है। जनता भय एवं भ्रम में है, जिन्होंने बकायदा नल विच्छेद का आवेदन दिया है उस दिनांक के बाद उनसे वसूली न कराए। शहर की जनता को पानी देना आवश्यक सेवा है।

### बलोदा में 450 कट्टा अवैध धान जब्त

महासमुंद। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार धान की अवैध परिवहन एवं भंडारण पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड सरायपाली के ग्राम बलोदा में एसडीएम सरायपाली के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग और मंडी प्रबंधन की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। जांच के दौरान टिकेश्वर साहू के गोदाम में अवैध रूप से संग्रहित धान पाया गया। टीम ने मौके पर 450 कट्टा अवैध धान जब्त करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। कार्रवाई के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में गोदाम को सील किया गया।

## पेज 11 के शेष

### जेवर और नकद...

किया गया। साथ ही प्रार्थिया के घर के आस-पास निवासरत लोगों एवं ग्रामीणों से भी विस्तृत पूछताछ कर कथन लिया गया, जिसके आधार पर पुलिस द्वारा प्रार्थिया के घर के आसपास संदिग्ध रूप से घूमने वाले जिला जांजगीर चांपा निवासी संदेही आरोपी विमल कौशिक को हिरासत में लिया गया।

### कौड़िया में मितानिनों ...

विष्णु साहू, कोमल फेकर, सोनिया साहू, सरोज बाई साहू सहित मितानिन किरण वर्मा, गीता बाई साहू, सुलोचनी वर्मा, शुकवारो कन्नौजे, नारायणी वर्मा, दौलत राम साहू, सुखम यादव, इंद्रकुमार वर्मा, लक्ष्मण कुमार वर्मा सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### छग स्वास्थ्य संयोजक ...

अध्यक्ष गजेंद्र भोसले एवं जिला अध्यक्ष अमित कुमार साहू ने प्रांत अध्यक्ष टार्जन गुप्ता एवं प्रांत टीम को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा की अब जो हमारी पुरानी लंबित मांगे हैं वह जल्द से जल्द निराकरण होगी

---

**आयोजन : पलारी नगर पंचायत में मितानिन दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया**

# समर्पित सेवा के लिए नपं में मितानिनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

रविवार को नगर पंचायत के सभाकक्ष में मितानिन दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मितानिन बहनों के सम्मान के साथ हुआ। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने सभी मितानिन दीदियों को मितानिन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मितानिन बहनें समाज की स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं की देखभाल, बच्चों के टीकाकरण, कुपोषण उन्मूलन, स्वच्छता की जागरूकता तथा स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में मितानिनों ने सराहनीय भूमिका निभाई है।

अध्यक्ष श्री साहू ने आगे कहा कि मितानिनों की सेवा भावना, निष्ठा और संवेदनशीलता ही समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य दिशा देती है। नगर पंचायत उनके योगदान का सम्मान करते हुए निरंतर सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। सभापति नेमसिंह बाँधे ने मितानिनों के घर घर जाकर जन जागरूकता और स्वास्थ्य के सजकता लाने के प्रयास को सराहा उन्होंने गर्मी हो या बरसात हर मौसम में मितानिन बहने प्रतिबद्धता के साथ सेवा भाव से काम करती है।इस अवसर पर नगर पंचायत के सभापति कुमार धीवर, पार्षद प्रतिभा घनश्याम धीरहे, खेलन वर्मा, यमलोक साहू, चेतन वर्मा, विकास धीरहे सफाई दरोग़ा महेन्द्र वर्मा, आनंद यादव, विमल यादव, राहुल वर्मा सहित मितानिन फाल्गुनी मिश्रा, लक्ष्मी साहू, अनिता वर्मा, निशा देवागन, माधुरी सेन, लैली निशा, रुखमणी साहू, सुनीता वर्मा, नीता वर्मा, पूनम वर्मा, ललिता वर्मा एवं रेशमा रानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। सभी ने अपने क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम के अंत में सभी मितानिन दीदियों का पुष्पगुच्छ एवं सम्मान पत्र देकर अभिनंदन किया गया।



### सरपंच ने साड़ी व श्रीफल से मितानिन दीदियों को किया सम्मानित

सेल । ग्राम पंचायत नवरंगपुर में मितानिन दिवस मनाया गया प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी मितानिन दिवस मनाया गया मितानिन जिन्हें छत्तीसगढ़ में आशा कार्यकर्ता के नाम से भी जाना जाता है ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य योजनाओं को पहुंचाने और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य करती है प्रत्येक गांव में जनसंख्या के अनुसार मितानिन की नियुक्ति की जाती है जो प्राथमिक स्वास्थ से जुड़ी समस्याओं का समाधान करती है । सरपंच शिवकुमारी मनहर ने कहा मितानिन दीदी स्वास्थ्य योजनाओं का जानकारी देने एवं बीमारी के प्रति जागरूकता का काम करते है जैसे टीकाकरण से लेकर बीमारियों की रोकथाम महिलाओं को प्रसव से पहले ही देखभाल सिखाती है, जच्चा बच्चा दोनों स्वास्थ के बारे मे जानकारी देते है इसके अलावा वे घर-घर जाकर मलेरिया टीबी के प्रति जागरूकता रहने का सलाह दिया जाता है। उक्त कार्यक्रम में सरपंच शिवकुमारी मनहर, मंडी अध्यक्ष घासीराम मनहर, भाजपा मंडल महामंत्री साधराम प्रजापति, रामगिलास यादव, मितानिन दीदी फूलमत, अनीता यादव, सरोजनी, रमा पैकरा, सरस्वती पटेल, मंजुला, प्रेमी, मितानिन प्रशिक्षिका सती वर्मा, ब्लॉक समन्वयक कृष्णा, कुमारी बाई, धनेश्वरी यादव, केवरा बाई पटेल, जानकी भारद्वाज, दीपमाला मनहर इन सभी का नवरंगपुर सरपंच ने साड़ी और श्रीफल से सम्मानित किया गया ।





### धौराभाठा में हुआ मितानिनों का सम्मान

**घोटिया।** ग्राम पंचायत धौराभाठा में मितानिनों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव में स्वास्थ्य जागरूकता और सेवाओं की दिशा में सक्रिय मितानिनों के निरंतर योगदान को सम्मानित करना था। कार्यक्रम के दौरान मितानिन टेपेश्वरी साहू, मंजू निषाद, लक्ष्मी साहू, ऍम टी शशि वर्मा को शाल एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ मितानिनों की सेवाओं की सराहना की।

सरपंच सरस्वती साहू ने अपने संबोधन में कहा कि मितानिन हमारे गांव की वह शक्ति हैं, जिन्होंने हर परिस्थिति में बिना थके, बिना रुके, परिवारों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए दिन-रात कार्य किया है। चाहे कोरोना जैसी विपरीत स्थिति हो या नियमित टीकाकरण अभियान, मितानिनों ने हर जिम्मेदारी को पूरी तत्परता से निभाया है। गांव की महिलाओं, बच्चों और गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देना, उन्हें अस्पताल तक पहुंचाने में सहयोग करना, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना ये सभी कार्य मितानिनों के कारण ही संभव हो पाता है। स्वास्थ्य विभाग और पंचायत के बीच एक मजबूत सेतु का काम मितानिन करती हैं। हमारे गांव की स्वास्थ्य व्यवस्था के मजबूत होने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

ये रहे उपस्थित

ग्राम पंचायत भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में सरपंच सरस्वती साहू, गोपाल साहू भोजराम साहू, पूरन निषाद, रामावतार साहू, पीलाराम साहू, गैदा राम साहू, धनसाय साहू, भरत साहू, मुकुंद साहू, बिन्दा साहू, हीरा साहू, डिगेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू, सालिक साहू एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### खपरी में महिलाओं की भूमिका को मिला गौरव

घोटिया । ग्राम पंचायत खपरी में मितानिनों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। सरपंच बिंदा पद्धुम साहू, उपसरपंच उमा संतोष साहू, सचिव भूपेंद्र वर्मा तथा समस्त पंचगण की उपस्थिति में ग्रामीणों ने मितानिनों के सामाजिक योगदान को सराहा। कार्यक्रम में मितानिन नीरा बाई साहू, लीला बाई साहू, संजू बाई साहू, शैलेन्द्री बाई और ईश्वरी बाई साहू का शाल एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मान किया गया। उपस्थित ग्रामवासियों ने कहा कि मितानिनों ने स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खपरी में आयोजित यह सम्मान समारोह महिलाओं की सेवा और समर्पण को सम्मानित करने का सराहनीय प्रयास माना जा रहा है।



---

## रासेयो के शिविर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुडा.



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान (ख) बगबुडा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम खैरा (दतान) के तृतीय दिवस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया । सात दिवसीय विशेष शिविर का संचालन संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक मार्गदर्शन में लगाया गया है।

सात दिवसीय शिविर में ग्राम के सरपंच, पंच गण जनप्रतिनिधियों का पूरा सहयोग मिल रहा है राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में 46 स्वयंसेवकों ने भाग लिया है सभी स्वयंसेवकों में जोश है स्वयंसेवक हर काम पुरी ईमानदारी से करते हैं । संस्था के प्राचार्य आर्मी से रिटायर्ड फौजी हैं पूरी अनुशासन से हर काम करते हैं । गांव के लोगों ने स्वयंसेवकों के कार्य की खूब प्रशंसा कर रहे हैं दिन में का और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक से भी गांव के लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं । यह शिविर आवासीय हैं स्वयंम सेवक भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित शिविर को नियम से कार्य कर रहे हैं । कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक ने भी पुरी ईमानदारी एवं मेहनत से जुटे हुए हैं गांव के लोगों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान(ख) के प्रभारी प्राचार्य का हमेशा उनकी कार्य की तारीफ करते हैं।

### राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए हुआ चौथा टेस्ट

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए 8 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा टेस्ट का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी. बसंत साव ने बताया कि 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को चौथा टेस्ट पेपर भारत का भूगोल एवं छत्तीसगढ़ का भूगोल का हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर के पर्चे में भारत का भूगोल एवं छत्तीसगढ़ का भूगोल आदि के प्रश्न पूछे गए। चौथा टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने कुल 89 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 08 टेस्ट के क्रम में पांचवा टेस्ट का आयोजन 30 नवंबर रविवार को दर्शनशास्त्र, करेंट अफेयर्स, कला संस्कृति, पर्यावरण, का टेस्ट आयोजित होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और सीजीपीएससी प्री परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा आज

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में 24 नवंबर को सुबह 11 बजे स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम विद्यालय में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी संकुल प्राचार्यों, पीएम श्री प्राचार्यों एवं सेजेस प्राचार्यों को पूरे एजेण्डे की जानकारी सहित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिले में आयोजित होने वाली आगामी 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा एवं हाल ही में संपन्न हुई छमाही परीक्षा की समीक्षा भी की जाएगी। प्रारंभिक कक्षाओं में पढ़े रहे बालबाड़ी के बच्चों की यू-डाइस प्रविष्टि, पीएम ई-विद्या के उपयोग को बढ़ावा देने तथा अपार आईडी निर्माण की प्रगति पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की गुणवत्ता, विद्यालयों में एलपीजी उपयोग को बढ़ाने, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन, छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े दिशा-निर्देशों की स्थिति और शाला भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति भी समीक्षा की जाएगी।

## गाड़ा (चौहान) समाज के खण्ड स्तरीय निर्वाचन में सर्वसम्मति से कीर्तनलाल चौहान बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

गाड़ा (चौहान) समाज धर्मशाला राजादेवरी परिक्षेत्र में परिक्षेत्र राजादेवरी थरगांव बया और खैरा के सम्मिलित सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में खण्ड स्तरीय ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक कोषाध्यक्ष एवं ब्लाक सचिव के लिए निर्वाचन प्रक्रिया गरिमापूर्ण एवं लोकतांत्रिक पद्धति से संपन्न हुआ। समाज के वरिष्ठों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस निर्वाचन में समाज के विभिन्न परिक्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन सुबेसिंह चौहान छत्तीसगढ़ गाड़ा चौहान समाज नियमावली के निर्माता ने किया। मंच संचालन टीकाराम चौहान अध्यक्ष, राजादेवरी परिक्षेत्र एवं दाशरथी चौहान न्यूज चैनल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला और ब्लॉक स्तर के अनेक पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी उपस्थित रहे। परिक्षेत्रवार पदाधिकारी राजादेवरी परिक्षेत्रः कीर्तन लाल चौहान ब्लॉक अध्यक्ष, टीकाराम चौहान अध्यक्ष, नंदराम चौहान कोषाध्यक्ष, तेजकुमार चौहान सचिव, थरगांव परिक्षेत्र हरिहर चौहान अध्यक्ष, भारत लाल चौहान सचिव, चंडीप्रसाद चौहान कोषाध्यक्ष, बया परिक्षेत्र हरिहर चौहान अध्यक्ष, संकटमोचन चौहान सचिव, हरिकेस चौहान कोषाध्यक्ष, खैरा परिक्षेत्र उत्तरा कुमार चौहान अध्यक्ष, गोरेलाल चौहान सचिव, रामअवतार चौहान कोषाध्यक्ष, बार परिक्षेत्र करनसिंह चौहान अध्यक्ष, कन्हैया लाल चौहान सचिव, जयराम चौहान कोषाध्यक्ष, चेचरापाली परिक्षेत्र अशोक कुमार चौहान अध्यक्ष, नरेश कुमार चौहान सचिव, परखीत चौहान कोषाध्यक्ष, कार्यक्रम में मनीराम चौहान कसडोल ब्लाक विशेष सलाहकार एवं संरक्षक, शत्रुघन चौहान कसडोल ब्लाक पूर्व संरक्षक, पतिराम चौहान पूर्व अध्यक्ष राजादेवरी परिक्षेत्र सहित विभिन्न सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे और समाज की एकता व संगठन पर जोर दिया।





### ब्लाक स्तरीय सर्वोच्च तीन पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

सभी परिक्षेत्र के सामाजिक बंधुओं ने सामूहिक सहमति और आपसी एकजुटता का परिचय देते हुए ब्लाक स्तरीय सर्वोच्च तीन पदों का निर्विरोध चयन किया। जिसमें कीर्तनलाल चौहान अध्यक्ष, भानूप्रताप नागवंशी कोषाध्यक्ष, कलशराम चौहान सचिव के रूप में सर्वसम्मति से चयन किया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों का समाजजनों ने स्वागत कर उनके उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### नर्रा में मनाया गया मितानिन दिवस

**नर्रा।** ग्राम पंचायत नर्रा में 23 नवंबर को मितानिन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोचन पटेल जनपद सदस्य मौजूद रहे। अध्यक्षता सरपंच नामेश्वरी दीवान ने की। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चन कर की गई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत रोली चंदन बंदन से किया गया। मुख्य अतिथि लोचन ने अपने उद्बोधन कहा कि मितानिनों के कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके पर मितानिनों का साड़ी एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान पंच दया दीवान, संतोष पटेल, चंदन पटेल मौजूद रहे। मंच संचालन सचिव घनश्याम दीवान ने किया।

## 10वीं-12वीं परीक्षाओं के टाइम टेबल जारी, कोर्स अधूरे, जिले के हजारों छात्र-छात्राएं चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

माध्यमिक शिक्षा मंडल, छत्तीसगढ़ ने इस वर्ष सीबीएसई पैटर्न का अनुसरण करते हुए 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की समय सारिणी एक महीने पहले ही जारी कर दी है। 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी और 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से शुरू हो रही है। जहां एक ओर मंडल ने छात्रों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने का दावा किया है, वहीं दूसरी ओर जिले के शासकीय स्कूलों में शिक्षकों को एसआईआर जैसे चुनावी कार्य में लगाये गये हैं जिससे स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी के कारण अधिकांश विषयों का कोर्स अभी भी अधूरा पड़ा है। अचानक समय सारिणी जारी होने से जिले के हजार से अधिक छात्र-छात्राओं में चिंता बढ़ गई है। जिले में लगभग 160 हाई स्कूल और 60 हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में विज्ञान, गणित, अंग्रेजी और वाणिज्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षको का अन्य कार्यों में ड्यूटी लगाई गई हैं जिससे अध्यापन व्यवस्था पर अतिरिक्त विषय का भार पड़ने वाला है। वही बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के उद्देश्य से जिले में मिशन अव्वल जैसे अभियान भी चलाए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि शिक्षकों की कमी के कारणों से बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है। शाला प्रमुखों और शिक्षकों को दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक हर हाल में कोर्स पूरा कराने और जनवरी माह को पूरी तरह से रिवीजन के लिए समर्पित करना पड़ेगा।

### प्री-बोर्ड और प्रैक्टिकल परीक्षा का दबाव

दिसंबर माह के मध्य से जनवरी के बीच प्री-बोर्ड परीक्षाओं का भी आयोजन किया जाना है, जो छात्रों के लिए मुख्य परीक्षा से पहले एक बड़ा टेस्ट होता है। इसके अलावा, 1 जनवरी से 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं और प्रोजेक्ट वर्क भी शुरू हो जाएंगे। इस वर्ष से गणित विषय में भी 20 अंकों का प्रोजेक्ट वर्क शामिल किया गया है, जिसके लिए छात्रों को अतिरिक्त समय देना होगा। प्री-बोर्ड, प्रैक्टिकल और मुख्य परीक्षा की समय-सीमा एक साथ आने से छात्रों पर मानसिक दबाव दोगुना हो गया है।

**समाज सेवा के क्षेत्र में मिसाल कायम किया है**

# भारत माता सेवा ट्रस्ट ने बुजुर्गों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

इंदिरा कालोनी दुर्गा मंदिर बलौदाबाजार में पूर्व नेशनल कबड्डी खिलाड़ी पुनीत राम वर्मा के मुख्य आतिथ्य व भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर की अध्यक्षता में चि.वेदांश पिता देवदास मानिकपुरी के जन्मदिवस पर बुजुर्गों को शॉल भेंटकर सम्मान किया गया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि पुनीत राम वर्मा जी ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि टेसूलाल धुरंधर जी के मार्गदर्शन में ट्रस्ट लोकहित के कार्य करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में मिसाल कायम किया है। अध्यक्षता करते हुए धुरंधर जी ने वेदांश को जन्मदिन की शुभकामना देते हुए कहा कि भारतीय परंपरा के मार्ग का अनुसरण करते हुए जन्मदिवस का आयोजन ही हम सबके लिए श्रेयस्कर है।





### इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से देवराम पटेल, उमेंद राम वर्मा, सरजू पटेल, चंदन पटेल, छेदूराम साहू, मोहरमती चेलक, देवला बाई, सरस्वती ध्रुव, अंजोरा बाई, अरख बाई पटेल, बुधवारा बाई यादव, खोरबाहरीन धीवर, घांसी राम बांधे, भागवत दास वैष्णव, मंगलिन यादव, सिलोचनी यादव, नेमबाई वैष्णव, माखनलाल साहू का शॉल भेंटकर सम्मान किया गया।

**ये रहे उपस्थितः** इस गरिमामय कार्यक्रम में देवदास मानिकपुरी, राजकुमार बंजारे, धर्मवीर धुरंधर, टिकेश वर्मा, पुरूषोत्तम वर्मा, तामेश्वर वर्मा, सुशीला वर्मा, दयासागर वर्मा, पार्षद पोषण पटेल, सेवानिवृत्त प्राचार्य डी एस ध्रुव, तारण सिंह ठाकुर, रोहित वर्मा, रतनसिंह ठाकुर व गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ राधेश्याम पटेल व आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक नीरज परगनिहा द्वारा किया गया।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
21 नवम्बर 2025
SHOW TIME
मस्ती 4
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
दे दे प्यार दे 2
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### मितानिन दिवस पर हुआ मितानिनों का सम्मान

**सेल।** ग्राम पंचायत सेल में मितानिन दिवस मनाया गया मितानिनों साड़ी एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया । मितानिनों ने डिलीवरी ऑपरेशन के दौरान मरीजों का सहयोग प्रदान करता हैं। इस अवसर पर सुरेश कुमार साहू, अविनाश कुमार डडसेना, आवास मित्र विक्की कोयल, पंच प्रतिनिधि सूजेलाल साहू, मितानिनों का नाम बिमला रात्रे, प्रतिमा देवी साहू, मुन्नी वर्मा, लकेश्वरी साहू, गंगा साहू, कृष्णा साहू, फिर बाई साहू, संतोषी वर्मा, अमेरिका साहू, अनिल कुमार केवट बोर ऑपरेटर उपस्थित रहे ।

### मारपीट, जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**महासमुंद।** गुडरूपारा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट, व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी नरेंद्र कुमार कन्नौजे निवासी वार्ड नंबर 27 गुडरूपारा ने बताया कि वह आबकारी कार्यालय महासमुंद में प्यून का काम करता है। 21 नवंबर को वार्ड नंबर 27 गुडरूपारा महासमुंद के साहू समाज के भवन में दशगात्र कार्यक्रम हो रहा था। रात्रि करीबन 11 बजे के आसपास वह, होरीलाल साहू और राजा यादव के साथ बैठकर आपस में चर्चा कर रहे थे, तभी राजा यादव ने अचानक आवेश में आकर प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इसी तरह मारपीट के एक अन्य मामले में प्रार्थी अरशद वारसी वार्ड नंबर 14 अंबेडकर नगर महासमुंद ने पुलिसको बताया कि 20 नवंबर की रात्रि 10:30 बजे से 11 बजे के बीच वह मोहल्ले के शुभम सोनी, देवेश बाघमारे, अमन मदनकार के साथ आग ताप रहा था। इसी बीच बात-बात में ही शुभम सोनी ने गाली गलौज करते हुए पास में पड़े डंडा से उसके दोनो पैर में मारकर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## निधन

### हेमचंद धृतलहरे



**पलारी।** गबौद (कोदवा) निवासी हेमचंद धृतलहरे 75 वर्ष का निधन हो गया है, उनका अंत्येष्टि कार्यक्रम गृह ग्राम गबौद में किया गया, जंहा बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की । वे सुमित्रा धृतलहरे अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार के पिताजी थे।

डिंपल्स
कॉस्मेटिक सर्जरी व्दारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में हुआ दो दिवसीय बाल मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

दो दिवसीय बाल मेला का डीएवी स्कूल में हुआ। समापन विकासखंड कसडोल के समीप ग्राम छरछेद में संचालित दयानंद एंग्लो वैदिक मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में 20 नवंबर से 21 नवम्बर दो दिवसीय बाल मेला का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि बलौदाबाजार जिले के पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कार्यक्रम में शिरकत कर बाल मेला को सराहा और स्कूली बच्चों का हौसला अफजाई कर सभी का उत्साहवर्धन किया। वहीं 21 नवम्बर शुक्रवार को कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर मंचासीन अतिथियों अभिभावक गणों को ससम्मान करते हुए सभी प्रतिभागियो एवं स्कूली बच्चों, शिक्षक शिक्षिकाओं तथा कार्यक्रम के आयोजक सभी का सराहना करते हुए धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया। इस दो दिवसीय बाल मेला कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथिगणों,अभिभावकों का स्कूल के प्रिंसिपल भुवनेंद्र सिंह और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने फूलों की गुलदस्ता एवं श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत सत्कार किया।

## एसपी भावना गुप्ता और सभापति प्रेमलता वैष्णव बनीं मुख्य अतिथि



### प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

वही समापन अवसर पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता बालेश्वर वैष्णव ने स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विजेता कप और मैडल से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल भुवनेंद्र सिंह ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी । मंच का संचालन शिक्षक पार्थ वैष्णव व समीर मंडल ने किया वही कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्कूल स्टाफ का योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस बाल मेला में स्कूल की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ जहां स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सबको इटरटेनमेंट किया।

## आयोजन : क्रिकेट में विजेता टीम को विधायक इन्द्र साव ने किया पुरस्कृत

# गांव-गांव में सिर चढ़कर बोल रही क्रिकेट की दीवानगी: इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर की गलियों से होकर गांव गांव तक क्रिकेट की दीवानगी ने इस कदर अपना पैर जमा लिया है कि अब यह खेल गांव में खेले जाने वाले सबसे ज्यादा खेलो में शुमार हो गया है,उक्त बाते विधायक इंद्र साव ने ग्राम गुड़ाघाट में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने सीसी रोड निर्माण के लिए गुड़ाघाट एवं फरहद के लिए 5 - 5 लाख रुपए की घोषणा भी की।

गांव की आयोजन समिति के द्वारा इस वर्ष भी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच गुड़ाघाट और कोनी की टीम के मध्य खेला गया जिसमें कोनी की टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए गुड़ाघाट की टीम को परास्त करते हुए विजेता कप अपने नाम किया।

इस प्रतियोगिता के समापन और पुरस्कार वितरण के अवसर पर उपस्थित क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने विजेता टीम कोनी को प्रथम पुरस्कार की नकदी राशि 21 हजार और शील्ड प्रदान किया वही उन्होंने उप विजेता टीम सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी उनका उत्साह वर्धन करते हुए पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विधायक साव ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उनके खिलाड़ियों के प्रत्येक क्षेत्र में किए गए प्रदर्शन की तारीफ करी।वही उन्होंने उप विजेता टीम का हौसला अफजाई करते हुए कहा वे लोग इस टूर्नामेंट में परास्त नहीं हुए है बल्कि बहुत कुछ सीखने को मिलता है।खेल में कभी कोई हारता नहीं है बल्कि सीखता है ताकि आने वाले समय और अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर आकर विजेता बने।

## गुड़ाघाट और फरहद के लिए 5–5 लाख की सीसी रोड निर्माण राशि की घोषणा



### विधायक की घोषणाओं से बढ़ा खिलाड़ियों का उत्साह

विधायक इंद्र साव ने कहा कि पहले क्रिकेट सिर्फ शहरों तक सीमित रहता था,लेकिन क्रिकेट फैंस की लगातार बढ़ती संख्या ने इस खेल को शहर की गलियों से निकाल कर गांव गांव तक पहुंचा दिया है और अब ये क्रिकेट गावो में सबसे ज्यादा लोकप्रिय खेल हो गया है।इस प्रतियोगिता के सफल और अच्छे आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर ग्रामीणों की और सरपंच की मांग को ध्यान में रखते विधायक श्री साव ने गुड़ाघाट और फरहद के लिए 5- 5 पांच लाख रुपए सी सी रोड निर्माण के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान किया। इस अवसर पर सरपंच मानसिंह साहू, चेतन ध्रुव, उपसरपंच, सभी पंच, क्रिकेट क्लब आयोजन समिति के सभी सदस्य सहित भारी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे ।

# वनांचल के विद्यालयों का डीपीओ ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

विकासखण्ड कसडोल के वनांचल क्षेत्र के अंतिम छोर तक जिला परियोजना अधिकारी एवं उनकी टीम ने शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं का औचक निरीक्षण किया। छतालडबरा, मुरुमडीह, रवान सहित हायर सेकेंडरी एवं पूर्व माध्यमिक शाला कोसमसरा का निरीक्षण करते हुए टीम ने विद्यालयों की कार्यप्रणाली को बारीकी से परखा।

- शिक्षा गुणवत्ता सुधार और डाटा अपडेशन पर दिए कड़े निर्देश
- कोसमसरा स्कूल में दैनन्दिनी उपयोग नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी

निरीक्षण के दौरान जिला परियोजना अधिकारी नरेंद्र वर्मा ने संस्था प्रमुखों को बच्चों के एपार आईडी एवं यू-डाइस डाटा को शीघ्र पूर्ण करने नियमित अध्ययन-अध्यापन को मजबूत करने तथा शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही मध्यान्ह भोजन में निर्धारित मेनू के अनुसार पोषक आहार प्रदान करने पर भी जोर दिया। हायर सेकेंडरी एवं मिडिल स्कूल कोसमसरा के संस्था प्रमुखों द्वारा दैनन्दिनी का उपयोग नहीं किए जाने पर डीपीओ ने कारण बताओ नोटिस जारी किया तथा प्रतिदिन दैनन्दिनी के अनुरूप अध्यापन कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में कक्षाओं में जाकर बच्चों से सवाल-जवाब भी किए गए। अध्ययन स्तर औसत पाया गया जिसे बेहतर करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी ब्लूप्रिंट के अनुसार कराने तथा समय सीमा में पाठ्यक्रम पूर्ण करने का भी आदेश दिया गया।

**ये रहे शामिल:** निरीक्षण टीम में जिला परियोजना अधिकारी (समग्र शिक्षा) नरेंद्र वर्मा, सहायक जिला परियोजना अधिकारी खेलावन वर्मा, जिला नोडल परियोजना जहीर अब्बास, कसडोल विकासखंड स्रोत समन्वयक नीलमणि साहू तथा लेखपाल रामदयाल पटेल शामिल रहे।

# शिक्षकों को आवारा कुत्तों की जानकारी देने के फरमान पर फेडरेशन ने की आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के नाम पर राज्य सरकार ने शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया था। लेकिन सरकार ने स्कूलों के शिक्षकों को आवारा कुत्तों की जानकारी संकलित कर ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा निगम को देने का अजीबोगरीब फरमान जारी किया है।

- शिक्षक संवर्ग का पदनाम बदलकर मल्टी-टास्किंग स्टाफ रखना चाहिये : फेडरेशन

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं फेडरेशन के जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष अविनाश तिवारी तहसील अध्यक्ष बेनीराम साहू विकासखंड अध्यक्ष अरुण साहू ने सरकार से पूछा है कि क्या स्कूलों में बच्चों को विषय ज्ञान देना अत्यावश्यक सेवा नहीं है। क्या आवारा कुत्तों की सूचना देने का कार्य, शिक्षकों से कराने का आदेश माननीय सुप्रीम कोर्ट ने दिया है।

## छत्तीसगढ़ स्कूलों में शिक्षकों का कार्यभार बढ़ा, मूल शिक्षण कार्य प्रभावित

### अधिकांश स्कूलों नहीं है बाउंड्रीवाल : फेडरेशन



फेडरेशन के कहना है कि अधिकांश स्कूलों बाउंड्रीवाल नहीं है। यदि है तो जीर्णोद्धार की स्थिति में है। ऐसे में शाला प्रमुख/शिक्षक आवारा कुत्तों का शाला में प्रवेश के रोकथाम हेतु प्रबंध कैसे करेंगे? आवारा कुत्तों से क्या शिक्षकों को खतरा नहीं है? बाउंड्रीवाल नहीं होने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा देर रात स्कूलों में होता है। जिसके कारण शालेय वातावरण दूषित होता है, बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। शाला प्रमुख/शिक्षक को इसके रोकथाम के लिये जिला प्रशासन एवं जनमानस से सहयोग नहीं मिलता है। अनेक शाला भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। लेकिन शासन-प्रशासन को सूचना रहने के बावजूद प्रबंधन का अभाव है। लेकिन दुर्घटना होने पर शिक्षकों पर जिम्मेदारी तय किया जाता है।

### शिक्षकों को बनाया बीएलओ, फिर परीक्षाफल की जिम्मेदारी किसकी

उन्होंने बताया कि अनेक शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर में बतौर बीएलओ में लगाया गया है। बड़े मुश्किल से दो-तीन महीने बोर्ड/अन्य परीक्षाओं के लिए बचे हैं। पदोन्नति के फलस्वरूप अनेक शाला विषय शिक्षक विहीन होने वाले हैं। भारत में पिछला जनगणना रिपोर्ट 2011 में तैयार किया गया था। अगली जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। जोकि निकट भविष्य में संभावित है। फेडरेशन के कहना है कि विषय शिक्षक स्कूलों में अपना कार्य नहीं कर पा रहें हैं। लेकिन विभाग कमजोर परीक्षाफल के लिये संस्था प्रमुख/शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई करता है।

# खरोरा के विद्यार्थियों ने किया श्री हरि एनिमल केयर रेस्क्यू सेंटर भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा के विद्यार्थियों ने आज श्री हरि टीम एनिमल केयर रेस्क्यू सेंटर, केशला (खरोरा) का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह अवसर बच्चों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और भावनात्मक रहा। भ्रमण के दौरान बच्चों ने पहली बार घायल, बेसहारा और उपचाराधीन गौ माताओं को करीब से देखा। रेस्क्यू सेंटर की टीम ने उन्हें बताया कि कैसे दिन-रात सेवा, उपचार और सतत देखभाल के माध्यम से इन गौ माताओं को जीवनदान दिया जाता है। बच्चों के चेहरे पर जिज्ञासा, करुणा और संवेदनशीलता साफ झलक रही थी। कई बच्चे गौमाताओं को दुलारते हुए भावुक भी हो गए।

- छात्रों ने घायल और बेसहारा गौ माताओं की देखभाल का अनुभव किया

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुशीला वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को इनकी वास्तविक स्थिति से परिचित कराना आवश्यक है, ताकि उनमें सेवा-भावना और संवेदनशीलता विकसित हो सके। यही संस्कार उन्हें एक बेहतर मनुष्य बनाते हैं। उपस्थित शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को हर जीव के प्रति दया रखने और जरूरतमंदों की सहायता को नैतिक कर्तव्य के रूप में अपनाने की प्रेरणा दी। गौशाला परिवार ने बच्चों के आगमन को सुखद बताया और कहा कि आने वाली पीढ़ी में इस प्रकार की संवेदनशीलता विकसित होते देखना अत्यंत उत्साहजनक है।

# स्कूल में माटीकला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

बिलाईगढ़ विकास खण्ड मुख्यालय से लगे सुतीउरकुली संकुल के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा में शनिवार का दिन माटीकला की प्रदर्शनी से सजा रहा, इसमें उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया लगभग 60 से भी ज्यादा माटीकला प्रस्तुत किया गया। किसी छात्र ने मिर्च ,टमाटर, लहसुन, बनाया, किसी ने केला, सेब, संतरा बनाया तो किसी ने गणेश जी, शिव जी, नंदी बैला बनाया और किसी ने जाता, गोरसी, बेलन चौकी, ओखली, सील बट्टा, तुलसी चौरा, जैसी सुंदर कलाओं का प्रदर्शन किया। इसके अलावा और भी अनेको कलाकृतियों ने कार्यक्रम का आकर्षण बढ़ाया।

इस संस्था में सदैव छात्र हित को सर्वोपरि मानते हुए सतत विकास को महत्व दिया जाता है कार्यक्रमों में विजेताओं के अभिभावकों को आगामी कार्यक्रमों के लिए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि बनाया जाता है । इसी कड़ी में माटीकला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें महेन्द्र कैवर्त्य ने सभी का मनोबल बढ़ाया। इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान आरिची टंडन, दूसरा स्थान खुशी दिनकर एवं आशीष कुमार टंडन, तृतीय स्थान लक्की कुमार भारती एवं ओमकुमार कैवर्त्य ने प्राप्त किया।



### सारे विजेताओं को किया पुरस्कृत

समस्त विजेताओं को मुख्य अतिथि के हाथों प्रमाण-पत्र, पुष्प भेंटकर, तिलक लगाकर एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक अरूण कुमार टंडन ,कार्यक्रम प्रभारी त्रिलोक कुमार हरिप्रिय अभिभावक एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
कार्डियोलॉजी विभाग
डॉ. बिनोद अग्रवाल MD, DM (Cardiology)
डॉ. मनोज गुप्ता MD, DM (Cardiology)
- फ्लेट पैनल कैथलैब (क्लैरिटी साफ्टवेयर के साथ)
- 24x7 Intesive Cardiac Care Unit
- एन्जियोप्लास्टी, ब्लूनिंग, पेसमेकर, ICD, डिवाइज क्लोजर-ASD, VSD, PDA
- डे-केयर एन्जियोग्राफी
- ECG, Echo, TMT, DSE एवं हॉल्टर मॉनीटरिंग
- कार्डियक हैल्थ चेक-अप पैकेज
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
परामर्श हेतु - सोमवार से शनिवार, समय : 10.00 से 5.00 बजे तक
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737